ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर–के0पी0–4, ग्रेटर नौएडा सिटी

जनपद गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0।

पत्रांक संख्या सम्पत्ति / अ0मु0का0अ0 / 2024 / 1128

दिनांक 30 / 07 / 2024

कार्यालय आदेश

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 135वीं बोर्ड बैठक में अनुमोदित नीति के कम में जारी कार्यालय आदेश पत्रांक:सम्पत्ति / अ.मु.का.अ. / 2020 / 85, दिनांक 26.02.2020 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार आवंटी को आवंटित भूखण्ड पर निर्माण कर, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवंटन / एलोकेशन की तिथि को आगामी दिनांक 30.06.2026 एवं आवंटित भूखण्ड की लीजडीड निष्पादन दिनांक 30.10.2024 तक का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए बढाये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राधिकरण की 135वीं बोर्ड बैठक के मद संख्या 135 / 15 में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। मा0 संचालक मण्डल के अनुमोदन के अनुपालन में प्राधिकरण द्वारा आवंटित एकल आवासीय भूखण्ड पर निर्माण कर, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवंटन / एलोकेशन तिथि से 20 / 22 वर्ष की अवधि के उपरान्त आगामी दिनांक 30.06.2026 तक एवं आवटित एकल भूखण्ड की लीजडीड निष्पादन दिनांक 30.10.2024 तक की अवधि हेतु नीति निर्धारित की जाती है।

उपरोक्त समयावधि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में प्राधिकरण द्वारा आवंटित एकल आवासीय भूखण्ड पर भवन निर्माण कर, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने हेतु दिनांक 30.06.2026 के पश्चात एवं आवंटित एकल भूखण्ड की लीजडीड निष्पादन हेतु दिनांक 30.10.2024 के पश्चात समय विस्तरण अनुमन्य नही किया जायेगा। उपरोक्त आदेश प्राधिकरण की 135वीं बोर्ड बैठक दिनांक 15.06.2024 के मद संख्या 135 / 15 में प्रस्ताव अनुमोदन के कम में जारी किए जा रहें है, तथा तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगे।

30/07/24

(आशुतोष कुमार द्विवेदी)

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी)

प्रतिलिपिः–

1. स्टाफ आफिसर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ।
2. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एल0 / एस0के0 / ए0) के अवलोकनार्थ।
3. विशेष कार्याधिकारी (एस0एस0 / एच0) को सूचनार्थ प्रेषित।
4. महाप्रबन्धक (वित्त) को सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रभारी (सिस्टम) को प्राधिकरण वेबसाईट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।
6. समस्त सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी को अनुपालनार्थ।
7. गार्ड फाईल।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी)